तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 जनवरी 2024

12 महर्षि वाल्मिकी के दूसरे अवतार थे महाकवि तुलसीदास

11 ठेकेदार की मनमानी, बिना खोदे जमीन पर बिछा रहे ...







आंदोलन : वाहन चालकों की हड़ताल की खबर लगते ही सतर्क हुआ प्रशासन, कलेक्टोरेट में ली बैठक

# ट्रक चालक फिर हड़ताल पर, समर्थन में छोटे मालवाहकों और यात्री बसों के भी पहिए थमे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ट्रक चालक संघ ने बुधवार को काम बंद कर दिया। उनके साथ अन्य बड़े वाहनों के चालकों, यात्री बस, पिकअप और मेटाडोर जैसे अन्य मालवाहक वाहनों के पहिये भी थम गए। वाहन चालकों के काम पर नहीं जाने से और वाहनों के पहिये थम जाने से प्रशासन भी अलर्ट हो गया और दर्जनों ड्राइवरों को पुलिस के वाहन (डग्गे) में बैठाकर कलेक्टोरेट ले गए, जहां जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के साथ ड्राइवरों की बैठक हुई।

■ कलेक्टर-एसपी ने बताया- अभी लागू नहीं हुआ कानून

बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल और पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार कलेक्टर और एसपी द्वारा ड्राइवरों को समझाइश दी गई कि हिट एंड रन कानून लागू नहीं हुआ है, तो हड़ताल न करें, जब कानून लागू होगा तो हम सारे नियम बता देंगे। इस बात पर ड्राइवरों ने जवाब देते हुए कहा कि यह कानून लागू न हो इसीलिए हड़ताल कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार प्रशासन ने ड्राइवरों को समझाइश देते हुए कहा कि सड़क पर चल रहे किसी भी वाहनों को जबर्दस्ती न रोकें और हड़ताल से किसी भी आमजनता को परेशानी न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें।

## वाहन चालकों ने कहा- कानून लागू न हो इसीलिए कर रहे हड़ताल



### केवल दुर्ग रूट की बस चली, बाकी रूट में चलने वाली बसों के पहिये थमे

बुधवार को ड्राइवरों के द्वारा काम बंद करने का निर्णय लिया गया, जिसका असर हर वर्ग के लोगों पर पड़ा। खासकर बसों में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कोई जरूरी कामकाज तो कोई परिवारिक कार्यों में शामिल होने बस में जाने के लिए बस स्टैंड में घंटो तक इंतजार करते दिखे। जानकारी के अनुसार दुर्ग तक जाने वाली यात्री बस चलती रही लेकिन बालोद से राजनांदगांव, धमतरी और चारामा सहित अन्य रूट में चलने वाली बसों के पहिए थमे रहे।

### बस बंद, ऑटो चालकों की बल्ले-बल्ले महंगे दामों में ऑटो में सफर करना मजबूरी

बस बंद होने से शहर के बस स्टैंड में कई यात्री परेशान होते नजर आ रहे थे। इस दौरान ऑटो चालकों द्वारा उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाने की बात करते हुए ऑटो को बुक करने की बात कही। लोग अधिक दाम देकर ऑटो बुक करते नजर आए। तीन-चार महिलाएं बालोद से गुरुर जाने ऑटो बुक किये, जिसका भाड़ा पहले 1000 रुपये बताया गया, हालाकि सवारियों द्वारा दाम अधिक होने की बात कहने पर ऑटो चालक द्वारा किराया कम किया गया। बस के पहिये थमने से ऑटो चालकों द्वारा अनाप शनाप किराया लेकर यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने की बात सामने आ रही हैं।

## सभी पक्षों से विचार-विमर्श के बाद ही लागू किया जाएगा नया कानून



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के वाहन संघ के प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने वाहन चालक संघ के प्रतिनिधियों को हिट एण्ड रन के नया कानून के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

■ कलेक्टर-एसपी ने वाहन संघ के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर दी जानकारी

उन्होंने बताया कि हिट एण्ड रन का नया कानून अभी लागू नहीं हुआ है। इसे अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा के उपरांत ही लागू किया जाएगा। उन्होंने हिट एण्ड रन के नया कानून के लागू होने के संबंध में तथा नया कानून के प्रावधानों के संबंध में किसी भी प्रकार के भ्रम या अफवाह में नहीं आने की अपील वाहन चालक संघ के प्रतिनिधियों से की। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने वाहन चालक संघ के ▸▸| शेष पेज 11 पर

# एटीएम में तोड़फोड़



■ अर्जुंदा थाने के ग्राम कुरदी में चोरी का प्रयास विफल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्रामीणों को सुविधाएं मुहैया कराने ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित की गई एटीएम सुरक्षित नहीं हैं। शहरी क्षेत्रों में एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बैंकों के द्वारा गार्ड नियुक्त किये जाते हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा भगवान भरोसे है।

जिले के अर्जुन्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरदी में स्थित सहकारी केंद्रीय बैंक के एटीएम में अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने की नियत से मशीन में तोड़फोड़ कर दी। हालांकि चोरी की घटना को अंजाम देने में चोर असफल रहे, लेकिन इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवालिया निशान खड़ा करता है। अर्जुन्दा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुक्तावान देशलहरे नामक व्यक्ति जो लिपिक के पद पर सहकारी केन्द्रीय बैंक अर्जुन्दा में पदस्थ है, ने बताया कि सेवा सहकारी समिति ग्राम कुरदी के सहायक कर्मचारी मकसूदन साहू ने फोन के माध्यम से शाखा प्रबंधक रोहित कुमार आलेन्द्र को सूचना देकर बताया कि ग्राम कुरदी में सहकारी समिति के सामने स्थित सहकारी केन्द्रीय बैंक का एटीएम जहां लगी है, उसका शटर तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा अंदर घुसकर एटीएम के सामने का हिस्सा तोडकर चोरी करने ▸▸| शेष पेज 11 पर

# हसदेव जंगल बचाने जन मुक्ति मोर्चा की पदयात्रा 12 को निकलेगी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ ने शुक्रवार को रायपुर महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने पद यात्रा करेगी। यह पदयात्रा 12 जनवरी को सुबह 06 बजे दल्लीराजहरा जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के कृषि कार्यालय में एकत्रित होकर शहीद स्मारक पहुंच कर शहीदों को श्रद्धा शुमन अर्पित कर पद यात्रा का आरम्भ की जाएगी।

यह पद यात्रा दल्ली राजहरा के मुख्य मार्ग शहीद वीर नारायण सिंग चौक से होकर गुप्ता चौक, नया बस स्टैंड शहीद शंकर गुहा नियोगी चौक का भ्रमण कर कुसुमकसा बालोद गुंडरदेही, दुर्ग भिलाई से होकर रायपुर पहुंचेगी। वहां, राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर इस पदयात्रा का समापन किया जाएगा। इस पद यात्रा में जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के दल्ली राजहरा के साथी दल्ली राजहरा में शमिल होंगे और मरकामटोला ब्लाक, कुसुमकसा, दानीटोला, बालोद, झलमला, दुर्ग भिलाई में सभी जगह लोग सम्मिलित होते हुए रायपुर पहुंचेंगे।

इस पदयात्रा की सम्पूर्ण तैयारी जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा कर ली गई है और इस हसदेव बचाओ पद यात्रा को सफल करने की जिम्मेदारी जन मुक्ति मोर्चा के सभी ब्लाक के प्रभारियों का बैठक व माइंस प्रभारियों का बैठक आयोजित के दे दी गई है।

# धान उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति



हरिभूमि न्यूज ▸▸| लाटाबोड़

किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम दिलाने और उन्हें बिचौलियों से बचने के लिए प्रतिवर्ष शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाती है। इस वर्ष भी शासन द्वारा 1 दिसंबर से धान खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों का उपार्जन खरीदा जा रहा है, लेकिन परिवहन की उचित व्यवस्था न होने के चलते खरीदे गए धान का परिवहन नहीं हो पा रहा है।

■ अधिकारियों ने कहा, वाहन चालकों की हड़ताल के कारण नहीं हो सका परिवहन

इसके कारण एक ओर किसान परेशान है, तो वहीं दूसरी ओर समिति प्रबंधकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समिति प्रबंधकों ने बताया की सप्ताहभर से डियो कट चुका है, परन्तु मिलरों द्वारा उठाव नहीं करने से खरीदी केन्द्रों में जहां जगह की कमी के चलते विभिन्न केंद्रों पर खरीदे गए धान के ढेर लग चुके हैं। वहीं, जगह नहीं होने के कारण किसानों को भी धान बेचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नौबत यहां तक आ गई है जिले के विभिन्न केंद्रों में वर्तमान में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का काम चल रहा है, लेकिन परिवहन ना होने के चलते धान की बिक्री के लिए केंद्र पहुंचने वाले किसानों को हर समय समस्या का सामना करना पड़ रहा है लेकिन अब उनके सामने एक और समस्या आ गई है खरीदी केंद्र से धान का उठाव न होने से उपार्जन प्रभारी व किसानों के लिए चिंता का कारण बन गया है। सेवा सहकारी समिति में धान का परिवहन नहीं होने से धान उपार्जन कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। यहां धान प्रभारी ▸▸| शेष पेज 11 पर

जिम्मेदारों की अनदेखी और लोगों की लापरवाही पड़ रही भारी

# जिला मुख्यालय में सफाई अभियान बेअसर, जगह-जगह गंदगी का अंबार




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा जहां एक ओर ग्रामों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन जिला मुख्यालय की स्थिति बदहाल नजर आ रही है, जहां चौराहों में गंदगी की भरमार देखने को मिल रही है। स्वच्छता को लेकर जहां एक ओर ग्रामों में जन जागरूकता के साथ ग्राम पंचायतों के द्वारा ग्रामों की नालियों के साथ सार्वजनिक जगहों की साफ सफाई के निर्देश प्रशासन द्वारा मिलने के बाद जोर शोर से किया जा रहा है, लेकिन यह आदेश जिला मुख्यालय में बेअसर साबित हो रहा है।

जिला मुख्यालय में कचरा गाड़ी रोजाना सुबह हर गली मोहल्ले से होकर गुजरती है तथा घरों से कचरा लेकर एक निश्चित स्थान में ले जाकर पुनः उपयोग करने के लिए सामानों की छटनी करती है, जिसमें सड़ने, गलने से लेकर बेचने के सामान होते है। लेकिन इस तरह की सुविधा जिला मुख्यालय में होने के बाद भी जिला मुख्यालय में जगह-जगह लोगों द्वारा कचरा फेकने का काम बंद नहीं हो रहा है, जिससे जिला मुख्यालय में कहीं पर भी लोग कचरा फेक रहे हैं।

### कचरे से पट रही नाली

वैसे तो जिला मुख्यालय के कई जगहों पर कचरा मिल जाएगा, लेकिन कुंदरूपारा जाने वाले मार्ग पर स्थित कॉलोनी के पास नाली में लोग कचरा डाल रहे हैं, जहां बरसात में पानी बहता है, जिसके माध्यम से तालाबों में चला जाता है। वहीं, पाररास स्थित शमशान घाट के पास कचरे का विस्तार ऐसा हो रहा है कि अब उसके आस पास अन्य जगहों पर भी लोग कचरा डालने लगे हैं और वह पूरी जगह कचरे के डिब्बे में तब्दील होती जा रही है। यहां कोई भी आकर किसी भी जगह कचरा डाल जाता है। प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो आगे लोग सुबह आने वाली कचरा गाड़ी में कचरा डालने के जगह चौराहों में कचरा डालने लगेंगे। इसमें प्रमुख बात यह है कि लोग सेनेटरी पैड के साथ छोटे बच्चों के पैड को खुले में फेक देते हैं, जिसके कारण कुत्ते उसे लेकर और गंदगी फैलाते हैं, जिससे कई मोहल्ले में नाराजगी देखने को मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### 17 को गुंडरदेही पहुंचेंगे मुख्यमंत्री साय



**गुण्डरदेही।** गुण्डरदेही में 17 जनवरी को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। बुधवार को नगर के जेएलएम स्कुल मैदान गुण्डरदेही में जिला कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल, एसपी, सीईओ जिला पंचायत बालोद, गुण्डरदेही, एसडीएम तहसीलदार, थाना प्रभारी व सांसद प्रतिनिधि प्रमोद जैन ने अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ जगह का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल ने हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल व चंडी मंदिर स्थल तक पहुंचने वाले मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सुकड़ीगहन पहुंची एसडीएम, कमार जनजाति के लोगों से पूछा हालचाल



**बालोद।** एसडीएम डौण्डी प्राची ठाकुर ने मंगलवार 9 जनवरी को जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम सुकड़ीगहन में पहुँचकर विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समाज के लोगों से भेंटकर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने कमार जनजाति के लोगों से शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि ग्राम सुकड़ीगुहान में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समाज के 70 परिवार निवासरत हैं। इस दौरान अतिरिक्त तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अंडा में श्री रामोत्सव एवं दीप महायज्ञ 22 को

**अंडा।** समस्त ग्रामवासी अण्डा गुड़ी चौक अण्डा में अयोध्या श्रीराम मंदिर उद्घाटन श्री रामोत्सव एवं दीपमहायज्ञ महोत्सव का आयोजन 22 जनवरी को किया जाएगा। किसान मोर्च जिला महामंत्री अजीत चंद्राकर ने बताया कि इस अवसर पर पंडित महेन्द्र पाण्डेय द्वारा 11 से 1 बजे तक पूजा-अर्चना कर महाआरती की जाएगी। दोपहर 1 से 4 बजे तक गुरूकृपा मानस जगराता फाग परिवार आमटी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। उसके बाद महाप्रसादी भंडारा, 5 बजे से 6 बजे से दीपोत्सव के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान आतिशबाजी की जाएगी।

### ग्राम कुथरेल में मेला-मड़ई 16 को

**अंडा।** ग्राम पंचायत कुथरेल में 16 जनवरी को मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है। सरपंच राजश्री प्रदीप चन्द्राकर, उपसरपंच लोमश चद्राकर व प्रदीप चंद्राकर ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 10 बजे मोर संगी जंहुरिया नाचा पार्टी ग्राम गुजरा जिला धमतरी वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### कोटेरा में रामायण सम्मेलन 13 व 14 को

**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम कोटेरा में आगामी 13 एवं 14 जनवरी को 2 दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में प्रतिदिन 5 मंडलियां शामिल होंगी। 16 जनवरी को मड़ई का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में साल्हेटोला (चारामा) वालों के छत्तीसगढ़ी नाच का कार्यक्रम रखा गया है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### रामोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश रखने, बृजमोहन ने सीएम को लिखा पत्र



**रायपुर।** अयोध्या में होने वाले प्रभु राम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर छत्तीसगढ़ के धर्मस्व, संस्कृति और शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश दिए जाने का आग्रह किया है। अपने पत्र में श्री अग्रवाल ने कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। 22 जनवरी को उनकी जन्मस्थली अयोध्या में निर्मित भव्य श्रीराम मंदिर का भव्य लोकार्पण एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित हो रहा है, जिसे लेकर दुनियाभर के सनातनी हिंदू धर्मावलंबी हर्षित हैं।

### भाजपा ने किया कलस्टर के प्रभारियों का ऐलान

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने छत्तीसगढ़ को बस्तर, रायपुर और बिलासपुर तीन क्लस्टर में बांटा है, जिसमें विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। बस्तर क्लस्टर में बस्तर, कांकेर और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र को रखा गया है, जिसके लिए प्रदेश मुख्य प्रवक्ता, पूर्व मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर, पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विक्रम उसेंडी और यशवंत जैन को प्रभारी बनाया गया है। रायपुर क्लस्टर के तहत दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर और जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मूणत, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव और पूर्व रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष राजीव अग्रवाल प्रभारी बनाए गए हैं। बिलासपुर क्लस्टर में बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा और रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र को शामिल किया गया है, जिसके लिए पूर्व मंत्री व विधायक अमर अग्रवाल, पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा और कृष्णा राय को प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

### 54 कर्मचारियों को मिला समयमान वेतनमान

**रायपुर।** संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर तथा संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा के 54 कर्मचारियों को नई सरकार गठन के बाद वर्षों से लंबित समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया है। संचालक विवेक आचार्य ने बताया कि इनमें से 7 ऐसे कर्मचारी हैं, जो अधीनस्थ कार्यालयों में पदस्थ हैं। शेष संचालनालय में कार्यरत हैं। साथ ही इसका लाभ 5 सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों और 3 दिवंगत कर्मचारियों के लिए भी स्वीकृति प्रदान की गई।

### पाटन सदन पहुंचकर साय रमन, साव और किरण ने दी नंदकुमार बघेल को श्रद्धांजलि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित पाटन सदन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री साय ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल एवं उनके परिजनों से भेंटकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और ईश्वर से उनके परिवारजनों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। वहीं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भी श्रद्धांजलि दी।

### मंत्रियों के निज स्थापना में नियुक्ति के आदेश जारी

**रायपुर।** नई सरकार के मंत्रियों के निज स्थापना में नियुक्त किए गए अधिकारियों के पदस्थापना के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन के निज पदस्थापना में रश्मि भारती तिवारी की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निजी पदस्थापना में आशुतोष पांडेय को विशेष सहायक, संजय कुमार मरकाम को ओएसडी और रमेश कुमार सिंह, सहायक ग्रेड 3 को पदस्थ किया गया है। वहीं मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निज स्थापना में मनोज शुक्ला, संतोष कुमार यदु को निज सहायक, प्रकाश चंद्र कोरी संयुक्त कलेक्टर कबीरधाम को विशेष सहायक और टीआर साहू को ओएसडी के पद पर पदस्थ किया गया है। मंत्री दयालदास बघेल की निज स्थापना में सौरभ श्रीवास्तव को निज सचिव के पद पर पदस्थ किया गया है।

# आधुनिकता की हवा में उड़ गए हमारे पारंपरिक परसा के दोना-पत्तल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

## थर्मोकोल और प्लास्टिक प्लेटों का बढ़ गया चलन







आधुनिकता की हवा वर्तमान समाज में इस कदम हावी हो रही है कि अब हमारी पुरानी परंपरा भी इसमें उड़ती नजर आ रही है। शादी-विवाह, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम अथवा सुख-दुख के कार्यों में आयोजित होने वाले भोज में अब पारंपरिक परसा पत्तल लगभग लुप्त होने को है। इसकी जगह अब प्लास्टिक और थर्मोकोल की प्लेट ने ले ली है। इसकी वजह से पांरपरिक रुप से दोना-पत्तल तैयार करने वाले परिवारों, कुटीर उद्योगों के समक्ष रोजी-रोटी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है। वर्तमान में अधिकांश शादी-विवाह एवं पार्टियों में देखा गया है की भोजन के लिए बुफे सिस्टम कर दिया गया है। पत्तल की जगह स्टील प्लेट, फाइबर और थर्मोकोल की प्लेट ने ले ली है। जिसे लेकर पत्तल का कार्य करने वाले लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट दिख रही हैं। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में आज भी पत्तल का ही चलन है। परंतु धीरे-धीरे पत्तल की प्राचीन परंपरा लुप्त होते जा रही है और उसकी जगह थर्माकोल ने ले लिया है। थर्मोकोल की प्लेट आ जाने से जहां पत्तल बनाने वाले लोग थे, अभी बेरोजगार होने लगे हैं। ब्लाक क्षेत्र में दर्जनों सहायता समूह पत्तल बनाने के कार्य में हैं। ब्लाक के विभिन्न ग्राम जैसे कि कुसुमकसा, धोबनी अ, धोबनी ब, भर्रीटोला 43, रजही, चिपरा, ध्रुवाटोला, सुवरबोड़, दानीटोला, भैंसबोड़, गुजरा, खल्लारी, चिखली, साल्हे, सिंघनवाही, टेकाढोड़ा, चिखलाकसा, धोबेदण्ड, बिटाल, अरमुरकसा सहित अंचल में पत्तल की मांग पहले से कम है। सभी प्रकार के समूह आज बेरोजगार होने की स्थिति में हैं।

## अब तक 92 लाख मीट्रिक टन से अधिक खरीदा गया

# खरीदी के आखिरी दौर में मची आपाधापी एक लाख से अधिक किसानों ने बेचा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कई जिलों में पांच से सात हजार किसानों ने बेचा



छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का निर्धारित समय खत्म होने के पहले राज्य के किसान अपना धान बेचने के लिए उमड़ पड़े हैं। मंगलवार को राज्यभर में एक लाख दो हजार से अधिक किसानों ने अपना धान बेचा है। इस दिन करीब सवा चार लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया है।

राज्य में पिछले साल 1 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के बाद अब धान बेचने के लिए 31 जनवरी तक का समय है। किसानों की ओर से धान खरीदी का समय बढ़ाने के मांग भी सामने आ रही है। ऐसी संभावना है कि यह तारीख बढ़ भी सकती है, लेकिन इससे पहले राज्य के किसान तेजी से धान बेचने के लिए आ रहे हैं। मंगलवार को एक लाख से अधिक किसानों का धान सोसाइटियों में आने से स्थिति स्पष्ट है।

### इन जिलों में सबसे अधिक किसानों ने बेचा धान

राज्य में मंगलवार को सबसे अधिक धान बेमेतरा जिले के किसानों ने बेचा है। इनकी संख्या 7 हजार 532 रही। इसके बाद के क्रम में बलौदाबाजार में 7 हजार 300 किसानों ने धान बेचा। बिलासपुर में 5 हजार 149, जांजगीर चांपा में 5 हजार 265, मुंगेली में 5 हजार 145, सक्ती में 5 हजार 246, कवर्धा 5 हजार 135, महासमुंद 5 हजार 535, रायपुर में 4 हजार 983, सांरगढ़ बिलाईगढ़ 3 हजार 685, दुर्ग 4 हजार 393 राजनांदगांव 4 हजार 131, घमतरी 3 हजार 864, बालोद 4 हजार 958 किसानों ने धान बेचा है।

### तेजी की वजह ये भी

राज्य में धान खरीदी के अंतिम दिनों में तेजी की वजह ये भी बताई जा रही है कि खाद्य विभाग के निर्देश पर समय सीमा में धान खरीदी पूरी करने के लिए पहले से अधिक संख्या में किसानों को टोकन जारी किए जा रहे हैं। इससे पहले कम संख्या में टोकन दिए जा रहे थे। दूसरी वजह ये भी है कि मैदानी क्षेत्र के कई जिलों में धान की देर से पकने वाली किस्म की बुवाई की गई थी। यह धान अब बिकने के लिए आ रहा है। इसके साथ ही अधिक मात्रा में धान आने की वजह ये भी है कि पूर्व में प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान लिया जा रहा था। भाजपा सरकार आने के बाद 21 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। राज्य में अब तक 92 लाख 38 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है।

# वार्डवार मकानों का बनाएं नक्शा, मकान दुकान, नल कनेक्शन का हो डाटा अपडेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास बातें**

- रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश
- 20 वार्ड में विकास कार्य के प्रगति की समीक्षा

शहर के 70 वार्डों में वार्डवार नक्शा तैयार होगा, जिसमें मकानों, दुकानों के साथ नल कनेक्शन सहित आवश्यक जानकारी से संबंधित डाटा अपडेट होगा। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने मंगलवार को समीक्षा बैठक में इस आशय के निर्देश दिए।

श्री मूणत ने चौबे कालोनी स्थित अपने निवास में पश्चिम क्षेत्र के 20 वार्डों में केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति जानने रायपुर नगर निगम और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा, विकास कार्यों में गुणवत्ता का खास ध्यान रखें। स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, वेंडिंग जोन विकास योजना, अमृत मिशन के तहत करवाये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। बैठक के दौरान राजेश मूणत ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के संदर्भ में जल्द योजनाओं का पावर प्रेजेंटेशन देकर विस्तृत समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए। निगम के अधिकारियों और जोन कमिश्नरों को उन्होंने हिदायत दी, विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में ही पूरा कराएं।

समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, रायपुर स्मार्ट सिटी के सीओओ उज्ज्वल पोरवाल, नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, रायपुर स्मार्ट सिटी के अधीक्षण अभियंता बीआर अग्रवाल, पंकज कुमार पंचाइती, सभी जोन के कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता, जोन स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# खाद्यमंत्री का आदेश- 10 फरवरी तक खरीदी केंद्रों से करें धान का उठाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




खबर का असर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का उठाव 10 फरवरी तक करने का आदेश खाद्यमंत्री दयालदास बघेल ने जारी किया है। हरिभूमि ने सोमवार को प्रमुखता से प्रकाशित खबर में जानकारी दी थी कि प्रदेश के सैकड़ों धान उपार्जन केंद्रों में धान बफर लिमिट के पार हो गया है, लेकिन धान का उठाव नहीं किया जा रहा है।

### खाद्यमंत्री ने दिया आदेश

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री दयालदास बघेल ने मंगलावर को बेमेतरा के कलेक्टोरेट सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित शासन की कल्याणकारी योजनाओं और विकास गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में 10 फरवरी तक धान का उठाव करना सुनिश्चित करें।

### खरीदी केंद्रों में भारी मात्रा में जमा है धान

राज्य के विभिन्न जिलों में धान खरीदी के लिए 2 हजार 739 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से सैकड़ों की संख्या में ऐसे केंद्र हैं, जहां धान की नियमित खरीदी के बाद धान का उठाव नहीं हो पा रहा है। यही वजह है कि खरीदी केंद्रों में धान रखने की बफर लिमिट पार हो चुकी है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अगर समय पर धान का उठाव नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में धान खरीदी प्रभावित हो सकती है। वजह ये है कि सोसाइटियों में धान रखने के लिए जगह नहीं बच रही है। एक दिन पहले तक की स्थिति में केवल तीन जिलों से धान संग्रहण केंद्रों को भेजा गया है। बाकी के 30 जिलों में खरीदा गया धान अब तक खरीदी केंद्रों में ही रखा गया है। हालांकि इन केंद्रों से धान मिलरों को दिया जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी पर्याप्त मात्रा में धान का नियमित उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्रों में भारी मात्रा में धान जमा है।

# लोकसभा के साथ हर विधानसभा में चुनाव के लिए प्रभारी बनाने की भाजपा की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब लोकसभा चुनाव में भाजपा की सभी 11 सीटें जीतने की तैयारी है। इसको लेकर लगातार बैठकों में रणनीति बन रही है। जल्द ही हर लोकसभा के साथ हर विधानसभा में प्रभारी बनाए जाएंगे। कमजोर सीटों पर बड़ा फोकस रहेगा और इसको मजबूत करने का जिम्मा प्रदेश के मंत्रियों के साथ विधायकों को सौंपे जाने की संभावना है। इसी के साथ पार्टी के पदाधिकारियों को भी बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। हर लोकसभा के लिए प्रभारियों के साथ एक पूरी टीम काम करेगी।

लोकसभा की तैयारी को लेकर दिल्ली में हुई राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक के बाद प्रदेश में भी एक बड़ी बैठक पांच जनवरी को हो चुकी है। इसमें बड़ी रणनीति बनाई गई है। अब लगातार संभागों के सम्मेलन के साथ संभागों में बैठकों का भी दौर चल रहा है। भाजपा इस बार हर हाल में सभी सीटें जीतना चाहती है। इसको लेकर केंद्रीय नेतृत्व ने रणनीति भी तैयार कर ली है। इसका रोडमैप तैयार करके प्रदेश भाजपा संगठन को दिया गया है। इस पर प्रदेश संगठन की बैठक में चर्चा भी हो चुकी है। राष्ट्रीय नेतृत्व ने अब लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेशाध्यक्ष का जिम्मा जगदलपुर के विधायक किरण देव को दिया है। इसी के साथ जल्द ही प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी में बदलाव किया जाने वाला है।

### इनको मिलेगा बड़ा जिम्मा

भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने तय किया है कि हर लोकसभा के लिए प्रदेश के मंत्रियों को भी बड़ा जिम्मा दिया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि प्रदेश के एक-एक मंत्री को एक-एक लोकसभा का प्रभार सौंपा जा सकता है। इसी के साथ हर लोकसभा की विधानसभाओं के लिए भी प्रभारी बनाए जाएंगे। विधानसभा में प्रभार विधायकों को देने की तैयारी है। जहां पर भाजपा के विधायक नहीं हैं, वहां पर प्रदेश के पदाधिकारियों, पूर्व सांसदों, विधायकों को भी जिम्मा दिया जा सकता है। प्रभारियों की पूरी सूची बनाने का काम चल रहा है। पूरी सूची तैयार करके राष्ट्रीय नेतृत्व से इसकी मंजूरी लेकर प्रभारी घोषित किए जाएंगे। प्रभारियों की एक पूरी टीम भी बनेगी। इन टीमों की लगातार राष्ट्रीय नेताओं के साथ मार्गदर्शन के लिए बैठकें भी होंगी।

### कमजोर सीटों पर फोकस

भाजपा का बड़ा फोकस कमजोर सीटों पर है। कमजोर सीटों की पहचान भी कर ली गई है। इसके लिए पैमाना यह तय किया गया है कि विधानसभा चुनाव में जिन लोकसभा की विधानसभाओं में जीत नहीं मिली है और जहां पर प्रदर्शन कमजोर रहा है, उन सीटों पर पूरा फोकस करके उनको मजबूत करने का काम किया जाएगा। इसी के साथ ऐसी लोकसभा सीटों पर सांसदों का बदला जाना भी तय है।

## 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान का भुगतान कब होगा : कांग्रेस

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि तत्काल जारी करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त के भुगतान के संबंध में दिये गये बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, यह किसानों का अधिकार है, इसका भुगतान तत्काल किया जाना चाहिये। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीन किस्तों का भुगतान किया जा चुका है और चौथी किस्त के भुगतान का प्रावधान बजट में किया गया है, लेकिन भाजपा नेता दुर्भावनापूर्वक जनकल्याणकारी योजनाएं साल खत्म होने से पूर्व ही बंद करने का षड़यंत्र रच रहे हैं। भाजपा नेता यह स्पष्ट करें कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त छत्तीसगढ़ के किसानों को कब मिलेगी या उसे भी हड़पने की मंशा है?

उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी के नाम पर 3100 रुपए प्रति क्विंटल एकमुश्त देने का वादा करके सत्ता में बैठे भाजपा के नेता यह बताएं कि एमएसपी और अंतर की राशि छत्तीसगढ़ के किसानों को कब मिलेगी? किसानों द्वारा लिया गया कर्ज लिंकिंग के माध्यम से शत-प्रतिशत वसूला जा रहा है, लेकिन किसानों को भुगतान केवल 2183 रुपए प्रति क्विंटल की दर से ही हो रहा है। आखिर किसानों के हक और अधिकारों पर कब तक डकैती डालते रहेंगे भाजपाई? उन्होंने कहा, आदतन किसान विरोधी भाजपाई चुनाव जीतते ही वादाखिलाफी पर उतर आए हैं। डिप्टी सीएम विजय शर्मा व भाजपा प्रत्याशी चुनाव प्रचार के दौरान छत्तीसगढ़ के सभी किसानों का 2 लाख तक का कर्ज माफ करने का वादा करते दिखे, लेकिन सरकार बनते ही भाजपा नेताओं ने यू टर्न ले लिया। धान और किसान का विषय भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के लिए केवल चुनावी है, चुनाव खत्म मुद्दा खत्म। आदतन वादाखिलाफी करने वाले भाजपाई अब छत्तीसगढ़ के किसानों के प्रति अपने दायित्व से भाग रहे हैं।

# लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की सात समितियों का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश भाजपा संगठन ने लोकसभा चुनाव के लिए सात समितियों का ऐलान मंगलवार को किया है। नव सदस्यता अभियान का संयोजक अजय चंद्राकर को बनाया गया है। श्री राम मंदिर दर्शन समिति का संयोजक धरमलाल कौशिक को बनाया गया है। इसी तरह से अन्य समितियों के भी संयोजक और सहसंयोजक बनाए गए हैं।

नव सदस्यता अभियान समिति का संयोजक अजय चंद्राकर, सह संयोजक रामसेवक पैकरा, प्रदीप गांधी व महेश गागड़ा। महिला स्वसहायता समूह और गैर सरकारी संस्था संपर्क अभियान समिति का संयोजक प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, सह संयोजक शालिनी राजपूत, लक्ष्मी राजवाड़े, भावना बोहरा व किशोर महानंद। दीवार लेखन और होर्डिंग्स समिति का संयोजक अनुराग सिंहदेव, सह संयोजक अमित साहू, विक्रांत सिंह, रितेश गुप्ता, टिकेश्वर जैन व उपकार चंद्राकर। गांव चलो अभियान समिति का संयोजक नारायण चंदेल, सह संयोजक मोतीलाल साहू, गोमती साय व भरत मटियार। श्री राम मंदिर दर्शन समिति का संयोजक धरमलाल कौशिक, सह संयोजक लक्ष्मी वर्मा, वीरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. ललित मखीजा व रामलखन पैंकरा। बूथ सशक्तीकरण अभियान का संयोजक संजय श्रीवास्तव, सह संयोजक अवधेश चंदेल। पीएम विश्वकर्मा योजना समिति का संयोजक पी. विश्वनाथन सह संयोजक प्रदीप सिंह व पुरुषोत्तम देवांगन। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया, भाजपा मोर्चा-प्रकोष्ठों की बैठक में लगातार आगामी कार्ययोजना के बारे में चर्चा हो रही है और आगामी लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में अहम जिम्मेदारी सौंपकर लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ जुटने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## आबकारी के 23 प्रकरणों में 17.12 बल्क लीटर शराब जब्त

**बालोद।** सचिव सह आबकारी आयुक्त आर. संगीता के निर्देशानुसार कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा जिले में शराब के अवैध निर्माण, धारण, विक्रय, परिवहन एवं सार्वजनिक स्थान पर मदिरा पीने–पिलाने वालों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एक जनवरी से लेकर 9 जनवरी तक जिले के डौण्डी एवं दल्लीराजहरा विकासखण्ड में कुल 33 जगहों में छापामार कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 23 प्रकरण दर्ज कर कुल 17.12 बल्क लीटर अवैध शराब जप्त की गई है। 9 जनवरी को आरोपी रविन्द्र नायक पिता स्व. ताड़को 40 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 06 नर्राटोला, थाना डौण्डी के पास से 39 नग पाव देशी मदिरा प्लेन शराब कुल 7.02 लीटर जप्त किया गया। छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) 34 (2) एवं 59 (क) के तहत एक प्रकरण कायम कर आरोपी को जेल निरुध्द किया गया है। जिले में शराब के अवैध निर्माण, धारण, विक्रय, परिवहन एवं अवैध रूप से मदिरापान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों के विरूद्ध भी निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

## विवि के तीन खिलाड़ियों ने बनाया स्थान

**दुर्ग।** हेमचंद् यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की जुडो पुरुष टीम ने नार्थ ईस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी जुडो चैंपियनशिप में भाग लिया। जिसमें विश्विद्यालय के 3 खिलाड़ी राज सिंग 100 किग्रा 16 रैंक, सुधीर चौहान .100 किग्रा 16 रैंक व योगेंद्र साहू 81 किग्रा 7 रैंक में अपना पोजिशन बनाया। स्पर्धा का आयोजन छत्रपति साहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर में आयोजित की गई। खिलाड़ियों का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए हुआ है। आगामी समय मे ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप का आयोजन भी छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर में ही होगा। यह जानकारी देते खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव ने बताया कि भिलाई के जुडो क्लब मे ट्रेनिंग कैंप लगाकर टीम को रवाना किया गया है। यह टीम ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में भाग लेने वाली हेमचंद् यादव विश्वविद्यालय की 8 वीं टीम होगी। टीम के मैनेजर विकास सेशपाल, एम जे कॉलेज जुनवानी एवं राहुल कुमार कोच भिलाई से है।

## दस दिवसीय शांति अनुभूति शिविर शुरु

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आनंद सरोवर द्वारा मानस वाटिका शक्तिनगर में 7 जनवरी से 16 जनवरी तक दस दिवस शांति अनुभूति शिविर एवं खुशनुमा जीवन शैली का आयोजन किया गया है। इस संबंध में संचालिका रीटा बहन ने बताया इस धरा पर वर्तमान समय निराकार परमपिता परमात्मा शिव का अवतरण हुआ है वे सभी मनुष्य आत्माओं को जागृत करने का कार्य हम बहनों द्वारा करा रहे हैं। हम स्वयं एवं परमात्मा का सत्य परिचय जानकर उनसे संबंध जोड़कर जीवन को सुख-शांति संपन्न बना सकते है इसलिए यह आयोजन किया गया है । कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

**मनमानी :** ग्राम तिलोदा में जल-जीवन मिशन के कार्यों पर जिम्मेदार लगा रहे पलीता

# ठेकेदार की मनमानी, बिना खोदे जमीन पर बिछा रहे पाइप लाइन, विभागीय अधिकारियों की मौन स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

केन्द्र सरकार ने करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत कर जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में घर–घर नल लगाकर जल पहुंचाने की कवायद की जा रही है, लेकिन इस योजना में जिम्मेदार गुण्डरदेही पीएचई विभाग लापरवाही का पलीता लगा रहा है।

ग्राम तिलोदा में घर अंदर तक कनेक्शन बिछा रहे कंपोजिट पाईप को बिना खुदाई करे, जमीन के ऊपर से ले जा रहे हैं, जबकि स्टीमेट में कंपोजिट पाइप को जमीन अंदर खुदाई कर ले जाना है, इससे ग्रामीणों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। ठेकेदार व विभाग के इंजीनियर मनमानी कर रहे हैं। कंपोजिट पाइप को खुदाई कर घर तक ले जाना था, उसे जमीन के ऊपर खुला बिछा कर ले जा रहे हैं।

तिलोदा के ग्रामीणों ने बताया कि इसमें विभाग के इंजीनियर व ठेकेदार की मनमानी बताई जा रही है। केन्द्र सरकार की



महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना को यहां के जिम्मेदार अधिकारी व ठेकेदार पलीता लगा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पीएचई विभाग के इंजीनियर साइड देखने तक नहीं आते। आफिस में ही बैठकर कागजी कार्रवाई कर खानापूर्ति कर रहे हैं, जबकि स्टीमेट में कंपोजिट पाइप को जमीन अंदर एक फीट में डालकर ले जाना है, मगर पीएचई विभाग के अधिकारी ठेकेदार से साठगांठ कर केन्द्र सरकार की योजना का मटियामेट कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि इस योजना की जांच कर दोषी अधिकारी व ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

**गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं**

यही हाल सभी जगह की है। यदि जितनी जगह नल जल योजना का कार्य हुआ, वहां जांच की जाए, तो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार उजागर हो सकता है। बताया जा रहा है कि कई स्थानों पर मापदंड का पालन नहीं किया गया है। कम गहराई में पाइप डाली गई है, स्टीमेट के हिसाब से काम नहीं हो रहा है। लोगों की शिकायत है कि प्लेटफार्म भी गुणवत्ताहीन है। मामले में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि आपके माध्यम से संज्ञान में आया है। गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा, कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले की जांच कर दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## निर्धारित अवधि के सालभर बाद भी नहीं बिछा पाए पाइप

**बालोद।** जिले के ग्राम करहीभदर में जल जीवन मिशन अंतर्गत लाखों की लागत से पानी टंकी निर्माण का कार्य किया गया है, लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी पाईप लाईन विस्तार का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

- करहीभदर में जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही

ग्राम करहीभदर में फरवरी 2022 में जल जीवन मिशन अंतर्गत टंकी निर्माण के लिए 110.24 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई थी, जिसके तहत 9 महीने के अंतर्गत पानी टंकी निर्माण और पाईप लाईन विस्तार का कार्य पूर्ण करने की बात कही गई थी, लेकिन टंकी निर्माण के कई महीने बीत जाने के बावजूद पाईप लाईन विस्तार का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।

पानी टंकी के नजदीक स्टोर रूम बनाया गया है, जिसमें दरवाजा नहीं लगाया गया है, वहीं पानी टंकी के बाहर आहता निर्माण किया गया, जिसमें



गुणवत्ताहीन गेट लगाया गया है जो अभी से टूटने के कगार पर है। वहीं ठेकेदार द्वारा पाईप लाईन विस्तार के लिए कई महीनों से गड्ढा खोद कर छोड़ दिया गया है, जिसके कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम करहीभदर में 3500 से ज्यादा की जनसंख्या निवास करती है, जिन्हें पेयजल और मुलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्हें ग्राम पंचायत द्वारा टैंकर से पानी भेज कर पानी मुहैया करवाया जा रहा है। लोगों को नव निर्मित पानी टंकी से पानी मिलने का इंतजार है।

### नवनिर्मित टंकी में लीकेज की समस्या

करहीभदर सरपंच लीला राम ड़ड़सेना ने बताया कि ठेकेदार द्वारा टंकी निर्माण कार्य में कोताही बरती जा रही है। पानी टंकी निर्माण का कार्य ठेकेदार द्वारा पूर्ण किया जा चुका है, लेकिन नव निर्मित पानी टंकी में पानी भरने के बाद लीकेज की समस्या नजर आ रही थी। उसके बाद ठेकेदार द्वारा टंकी में डामर से पोताई करवाया गया था, उसके बाद पानी भरकर चेक किया गया है या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। हालांकि नव निर्मित पानी टंकी में अभी से लीकेज की समस्या आना उसकी गुणवत्ताहीन निर्माण को दर्शाता है। वहीं, पाईप लाईन विस्तार, स्टोर रूम का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वालों का साहू समाज ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा रायपुर में राज्य स्तरीय राजिम भक्तिन माता जयंती के अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट

- छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा किया गया आयोजन



कार्य करने वालों का राजिम भक्तिन माता सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए यह सम्मान युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सलाहकार प्रेम किशन साहू को दिया गया।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रदेश अध्यक्ष साहू संघ टहल सिंह साहू, विधायक कसडोल राष्ट्रीय अध्यक्ष तैलीक साहू युवा महासभा संदीप साहू सहित समाज के नवनिर्वाचित पूर्व विधायक सांसद मौजूद रहे।

आपको बता दें कि प्रेम किशन साहू समाज के विभिन्न पदों में रहते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए सतत प्रयासरत रहा है। साथ ही नवाचार के माध्यम से युवाओं को जोड़कर प्रदेश के सभी संभागों में युवा टीम के साथ मिलकर स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण व रचनात्मक कार्यो को बखूबी अंजाम दिया है। इसके अतिरिक्त साहू विभिन्न स्वैच्छिक व सामाजिक संस्थाओ के साथ लंबे अरसे से जुड़कर रक्तदान शिविर, महिला सशक्तिकरण, महिलाओं व बच्चो के स्वास्थ्य शिक्षा आदि मुद्दो पर उल्लेखनीय कार्य किया है, जिसके लिए छत्तीसगढ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से सम्मानित किए जा चुके हैं। समाज द्वारा राजिम भक्तिन माता सम्मान से विभूषित किए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू, महासमुंद सांसद चुन्नीलाल साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, महामंत्री दयाराम साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष खिलावन साहू, दीपक ताराचंद साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, भक्तिन राजिम माता सेवा समिति अध्यक्ष लाला राम साहू, प्रदेश सलाहकार रमेश साहू, संरक्षक भिलाई जिला साहू संघ तुलसी साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद साहू, आनंद साहू, पवन साहू, सुरज साहू, मुरली साहू, संदीप साहू, प्रदेश कार्य अध्यक्ष पंकज चौधरी, दुर्ग संभाग अध्यक्ष सनिर साहू, दुर्ग जिला अध्यक्ष युवा मुकेश साहू, भिलाई जिला अध्यक्ष युवा दिनेश साहू, महामंत्री युवा प्रकोष्ठ मित्र सभा भिलाई नगर हीरा शंकर साहू, महामंत्री दुर्ग संभाग समीर साहू, प्रदेश संगठन सचिव दीपक साहू, महामंत्री भिलाई जिला युवा प्रकोष्ठ अजीत साहू, रामकुमार साहू, वामन साहू उपस्थित थे।

# पात्रों को मिला रहा आयुष्मान कार्ड व उज्ज्वला गैस कनेक्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने,हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा हितग्राहियों को शासन के ज न क ल्या ण का री योजनाओं से लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है।

- पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने श्रेष्ठ माध्यम बन रहा विकसित भारत संकल्प

जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 1806 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड,194 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 109 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 201 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 134 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 48 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी–कहानी, मेरी–जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी। ग्राम बेलमांड, उमरादाह, और पड़कीभाट तथा डौ ण डी लो हा रा विकासखण्ड के ग्राम मुड़िया, भेंडी सु, भरनाभाट और राणाखुज्जी तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम धनगांव, रूदा, खप्परवाड़ा, साजा, तवेरा और तिलोदा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के ग्राम मिरऍटोला, चिटौद और चंदनबिरही तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम सुवरबोड़, गिधाली और धुरवाटोला में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां भी बांटी गई।

**पेज 9 के शेष**

### सभी पक्षों से ...

प्रतिनिधियों से हिट एण्ड रन के नया कानून के संबंध में किसी भी प्रकार की भ्रांति नहीं पालने तथा संशय में नहीं रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारे देश में अभी हिट एण्ड रन के नया कानून को लागू नहीं किया गया है। इसकी जानकारी केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने विस्तारपूर्वक दी है। उन्होंने कहा कि हिट एण्ड रन के संबंध में नया कानून भी आम जनता के बेहतरी के लिए लाई जाएगी। चन्द्रवाल ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा इस नया कानून को सभी पक्षों से विचार–विमर्श के उपरांत ही लागू किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने कहा कि हिट एण्ड रन के नया कानून हम सबके हित में है। इससे किसी भी प्रकार की भयभीत होने की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं है। इसे सभी पक्षों से गहन विचार–विमर्श के उपरांत ही लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिट एण्ड रन के नया कानून के प्रावधान के तहत वाहन चलाते वक्त दुर्घटना घटित होने पर पुलिस एवं मजिस्ट्रेट को सूचना दिए बिना मौके से फरार वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई का प्रावधान किया जा रहा है। इसके अलावा दुर्घटना घटित होने के पश्चात समय पर पुलिस एवं मजिस्ट्रेट को सूचना देने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध सजा कम करने का प्रावधान को भी शामिल किया जा रहा है। नियमानुसार और सावधानीपूर्वक गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों को इस नये कानून से किसी भी प्रकार की परेशानी नही होगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में इस कानून को लागू भी नही किया गया है। इसलिए हमारे वाहन चालक साथियों को किसी भी प्रकार की भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है। यादव ने वाहन चालक के संघ को हड़ताल में जाने एवं इस संबंध में किसी भी प्रकार के निर्णय लेने के पूर्व जिला एवं पुलिस प्रशासन तथा परिवहन एवं अन्य संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से अनिवार्य रूप से बातचीत करने को कहा। बैठक में परिवहन संघ के प्रतिनिधियों ने भी इस नये कानून के संबंध में जिज्ञासाओं का समाधान किया।

### धान उठाव नहीं होने ...

ने शासन प्रशासन विभाग को परिवहन निरंतर बनाए रखने की मांग की है। इस सम्बन्ध में डीएमओ सौरभ भारतद्वाज ने कहा कि ड्राइवरों की हड़ताल के परिवहन नहीं होने से खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति बनी हुई है।

### एटीएम में ...

का प्रयास किया है। शाम करीबन 7 बजे शटर में ताला सोसायटी चौकीदार उत्तम कुर्रे द्वारा लगाया गया था। अज्ञात चोरों द्वारा एटीएम में रखे पैसे को चोरी करने की नियत से शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसकर एटीएम मशीन में तोड़फोड़ की गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अर्जुन्दा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380, 427, 457, 511 के तहत मामला दर्ज किया है।

# अछोली स्कूल में हुआ योग शिविर

**डौंडीलोहारा।** शासकीय आत्मानंद हाई स्कूल अछोली में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के साथ **HWC** के योगाचार्य



तीरथ कुमार अटल के द्वारा निःशुल्क योग शिविर कराया गया। जिसमें प्राचार्य आरएल तारम एवं समस्त स्टॉफ शामिल हुआ। इसमें सूक्ष्म व्यायाम से लेकर योग प्राणायाम, यौगिग जॉगिंग, भस्त्रिका, कपालभांति अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, वृक्षासन, सिंहासन तथा अन्य प्रकार के योग के साथ-साथ खान-पान, रहन सहन, संस्कार संगत और संकल्प पर विशेष चर्चा के साथ बच्चों का ध्यान आकर्षित कराया गया। जिसमें निरंतर योग घर-घर योग और अंतिम व्यक्ति तक का पुरुषार्थ करने के लिए बैगलेस डे पर पतंजलि योग परिवार जिला बालोद के तत्वधान पर कराया गया।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय गुरूर में हुआ विकासखंडस्तरीय कार्यक्रम**

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखंड स्तरीय सेवा निवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय गुरूर के क्रीड़ा प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर तिलक राम साहू थे, अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मुकुल केपी साव ने की। विशेष अतिथि शासकीय महाविद्यालय माहुद कमल राम साहू एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुरुर ललित चंद्राकर रहे। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती एवं छतीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्वलन के कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

पद्मनी गर्ग, दुर्गा मानिकपुरी, सत्यवती कतलम एवं अजय वर्मा की ओर से सरस्वती वंदना, राजकीय गीत एवं स्वागत गीत प्रस्तुत



किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड के शिक्षा विभाग में कार्यरत 28 शिक्षक एवं कर्मचारियों का सेवानिवृत्ति उपरांत सम्मान किया गया। साथ ही 7 दिवंगत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के परिजनों का भी सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि तिलक राम साहू के द्वारा अपने उद्बोधन में बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को बाहर लाने हेतु शिक्षकों द्वारा कक्षा में बेहतर वातावरण निर्मित करने हेतु जोर दिया गया। विशेष अतिथि कमल राम साहू ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ शिक्षकों को समाज की बेहतरी के लिए भी कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को विशेष अतिथि ललित चंद्राकर ने भी संबोधित किया।

### विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

इस अवसर पर विकासखंड में कार्यरत एवं निवासरत पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीआर महमल्ला, युआर गंगराले, एमआर राजपुरिया, सी वाईका, युएस नांगवंशी, डीआर गजेंद्र का सेवा निवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह समिति गुरुर द्वारा सम्मान किया गया। संकुल केंद्र खुंदनी के अंतर्गत माध्यमिक शाला खुंदनी एवं परसुली के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष तुलसीराम साहू, सचिव हरीश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार चौधरी एवं सहसचिव कृष्ण कुमार साहू एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### दरगहन में कबड्डी प्रतियोगिता शीघ्र

**गुरुर।** ग्राम दरगहन में जय राजाराव बाबा कबड्डी क्लब द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 3001 रुपए रखा गया है। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट ऑलराउंडर में समिति द्वारा ट्रॉफी और मेडल रखा गया है। ग्रामीण मोहन साहू ने बताया कि 14 जनवरी को रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसगढ़ की प्रस्तुति होगी।

### आज जिले के कई गांवों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत गुरूवार 11 जनवरी 2024 को बालोद विकासखण्ड के ग्राम परसदा में 10 बजे, देवीनवागांव में दोपहर 01 बजे तथा नेवारीकला में दोपहर 03 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सुरेगांव तथा संजारी में सुबह 10 बजे एवं परसाडीह सु और गंजईडीह में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी और कुथरेल में 10 बजे, ग्राम बासीन में दोपहर 01 बजे, मटिया अ में दोपहर 02 बजे तथा ग्राम पिरीद में दोपहर 03 बजे बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत गुरूर के बगतरायी में 10 बजे, ग्राम बोरीदकला में दोपहर 12.30 बजे एवं ग्राम बालोदगहन में दोपहर 03 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद पंचायत डौण्डी के ग्राम ढोरीठेमा में 10 बजे, ग्राम भर्रीटोला 36 में 12 बजे एवं कुंजकन्हार में दोपहर 02.30 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### जिले में अब तक हुई 5 लाख 31 हजार 563 मीट्रिक टन धान की खरीदी

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 164 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 01 लाख 16 हजार 208 किसानों द्वारा कुल 5 लाख 31 हजार 563 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 1164 करोड़ 15 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 04 लाख 50 हजार 905 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 03 लाख 18 हजार 473 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 02 लाख 13 हजार 90 मीट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 5157 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 21 हजार 345 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

**प्रवचन :** ग्राम मोहंदीपाट बाबा धाम में श्रीमद् भागवत कथा में संत श्री निरंजन महाराज ने कहा

# किसी के दुख से हृदय द्रवित हो जाए, यही मानव धर्म है





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम मोहंदीपाट बाबा धाम में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। देवांगन परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कथा वाचक संत निरंजन महाराज ने कहा कि किसी को दुख न दें, सबके दुख के साथी बनें, उपहासी नहीं।

ि्सी को सांत्वना नहीं दे सकते, तो उपहास करने का कोई अधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि आज इंसानों के अंदर की इंसानियत लुप्त होती जा रही है। आज लोग इंसानों से ज्यादा पशुओं से प्रेम कर रहे है। यह सत्य है कि सभी में ईश्वर का वास है, लेकिन इंसान का त्याग कर पशुओं से प्रेम करना, यह उचित नहीं। सभी को सम भाव से देखें। किसी के दुःख को देखकर अगर हमारा हृदय द्रवित हो गया, यही मानवता धर्म है, जो दूसरे के दुख में हमारा मन संतप्त हो, इसे ही इंसानियत कहा गया है। लेकिन आज की स्थिति तो यह है कि एक बैल मरा पड़ा है, तो दूसरा बैल घास खाते खड़ा है। आज लोगों को किसी से कोई मतलब नहीं। सबसे मिलजुल कर जीवन को जिएं।

श्रीमद्भागवत कथा में सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय इतिहास और परीक्षित मोक्ष की कथा पर सुंदर संदेश देते हुए प्रवचनकर्ता सद्गुरु संत श्री निरंजन महाराज जी श्री भागवत आश्रम लिमतरा ने कहा कि सुदामा जी गरीब नहीं थे, उनसे बड़ा धनवान कोई नहीं है, सुदामा जी के पास सन्तोष रूपी धन था, जिसका कभी अंत नहीं हो सकता। तभी तो सुदामा जी भगवान के द्वार पर मांगने नहीं अपितु देने गए थे। हम जीव तो भगवान के द्वार केवल मांगने के लिए ही जाते हैं, लेकिन धन्य है सुदामा जी के भाव को, जो भगवान से मांगा नहीं, बल्कि चार मुट्ठी चावल का भोग लगा आए। गरीबी मानव जीवन का अभिशाप है, जहाँ पदार्थ भी अपने रूप को परिवर्तित कर देता है गरीब के गले का स्वर्ण पीतल और धनवान के गले का पीतल स्वर्ण बन जाता है। ऐसे धन का कभी अभिमान न करें, धनाभिमानी न बनें, बल्कि अपने परमधन श्रीराम चरणारविन्द को पहचानें।

आगे संत श्री जी ने कहा कि जीवन की नैया को संसार सागर से पार लगाने के लिए गुरु दीक्षा आवश्यक है। गुरु शरण ही जीवन के आये संताप को दूर कर मुक्ति के मार्ग में प्रशस्त करता है। जहाँ से भी ज्ञान मिले वही गुरु है, चाहे वह जड़ पदार्थ ही क्यों न हो सभी गुरु हैं। दत्तात्रेय जी ने प्रकृति से 24 गुरु का निर्माण किए दीक्षा के गुरु एक लेकिन शिक्षा के गुरु अनेक।

### गीता सार, पूर्णाहुति आज

राजा परीक्षित भागवत की कथा श्रवण कर जीवन मुक्ति को प्राप्त किये। यज्ञ के मुख्य आयोजन कर्ता संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन आज 11 जनवरी को श्री गीतासार प्रवचन हवनपूर्णाहुति कपिलातर्पण, सहस्त्रधारा स्वान होगा। यह जानकारी लखन लाल देवांगन और सरपंच सुशीला देवांगन, जयंत्री देवी देवांगन , गीता देवी देवांगन ,सुरेश-पुष्पा देवांगन, शशीकांत-वंदना देवांगन ,नरेश-दिव्या देवांगन, नूनकरण देवांगन, टीकम देवांगन, कल्पना दीपक देवांगन, इन्द्राणी रानी नारायण देवांगन सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण जन इस भागवत कथा में उपस्थित थे।

## भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन धारण कर दिया पर्यावरण संतुलन का संदेश

**गुरुर।** ग्राम कुलिया में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान पांचवें दिन वक्ता विजया उमरलिया ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने पुतना वध, गौ संवर्धन, माखन चोरी, धरती पूजन के साथ ही गिरिराज धारण कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन धारण कर पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया। उन्होंने इंद्र के अभिमान को तोडऩे के लिए गोवर्धन लीला की रचना की, किंतु पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ों के महत्व को समझाया भी। इसलिए जब गोवर्धन पूजा के लिए नंदबाबा, यशोदा माता व ग्वाल, गोपियों ने कन्हैया की बात नहीं मानी तो उन्होंने इसके लिए गुरू का सहारा लिया। जब गुरू आज्ञा हुई तो सभी गोवर्धन पूजा के लिए तैयार हो गए। इसी बीच जैसे ही भगवान गिरिराज का आगमन कथा पंडाल में हुआ तो ग्रामवासी झूमकर अगवानी करने लगे। गोवर्धन पूजा व नंदोत्सव के रूप में 56 भोग का आयोजन किया गया था।



### अपनी जन्मभूमि को प्रतिदिन प्रणाम करें

कथा श्रवण कराते हुए कथा वक्ता ने कहा कि गोकुल पहुंचने के बाद भगवान श्री कृष्ण लीलाओं से गोकुलवासियों को आनंदित कर रहे थे। अपनी मातृभूमि को सम्मान देने के लिए प्रभु ने मिट्टी खाई। जब शिकायत माता यशोदा के पास पहुंची तो उन्होंने मुंह खोलने कहा तो मुंह के भीतर उन्हे ब्राम्हाण के दर्शन हुए। जिस धरती पर जन्म लो वह स्वर्ग के समान होता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के आंगन को प्रणाम करना चाहिए। प्रतिदिन भगवान सूर्य को जल अर्पण भी करना चाहिए।

## महर्षि वाल्मीकी के अवतार थे महाकवि तुलसीदास





**बालोद/कलंगपुर।** स्व सियाराम साहू व स्व बिशहत राम साहू की स्मृति में उमा बाई साहू, नरेंद्र, अलेन्द्र साहू परिवार द्वारा ग्राम कजराबांधा में 7 से 15 जनवरी तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन जारी है। इसमें तृतीय दिवस कथावाचक पंडित अमित सरस भारती झा पलारी ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि प्रभु श्रीराम की रावण पर विजय प्राप्त करने के पश्चात ईश्वर की आराधना के लिये हनुमान जी हिमालय पर चले गये थे। वहां जाकर उन्होंने पर्वत शिलाओं पर अपने नाखून से रामायण की रचना की, जिसमें उन्होंने प्रभु श्रीराम के कर्मों का उल्लेख किया था। कुछ समयोपरांत जब महर्षि वाल्मिकी हनुमान जी को अपने द्वारा रची गई रामायण दिखाने पहुँचे, तो उन्होंने हनुमान जी द्वारा रचित रामायण भी देखी।

उसे देखकर वाल्मिकी थोड़े निराश हो गये, तो हनुमान ने उनसे उनकी निराशा का कारण पूछा। महर्षि बोले कि उन्होंने कठोर परिश्रम के पश्चात जो रामायण रची है, वो हनुमान की रचना के समक्ष कुछ भी नहीं है, अतः आने वाले समय में उनकी रचना उपेक्षित रह जायेगी। ये सुनकर हनुमान ने रामायण रचित पर्वत शिला को एक कन्धे पर उठाया और दूसरे कन्धे पर महर्षि वाल्मिकी को बिठा कर समुद्र के पास गये और स्वयं द्वारा की गई रचना को राम को समर्पित करते हुए समुद्र में समा दिया। तभी से हनुमान द्वारा रची गई हनुमद रामायण उपलब्ध नहीं है। तदुपरांत महर्षि वाल्मिकी ने कहा कि तुम धन्य हो हनुमान तुम्हारे जैसा कोई दूसरा नहीं है और साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि वो हनुमान की महिमा का गुणगान करने के लिये एक जन्म और लेंगे। इस बात को उन्होंने अपनी रचना के अंत में कहा भी है। माना जाता है कि रामचरित मानस के रचयिता कवि तुलसी दास कोई और नहीं बल्कि महर्षि वाल्मिकी के ही दूसरे अवतार थे।

### समुद्र किनारे पाई गई थी एक पटलिका

महाकवि तुलसीदास के समय में ही एक पटलिका को समुद्र के किनारे पाया गया, जिसे कि एक सार्वजनिक स्थल पर टाँग दिया गया था, ताकी विद्यार्थी उस गूढ़लिपि को पढ़कर उसका अर्थ निकाल सकें। माना जाता है कि कालीदास ने उसका अर्थ निकाल लिया था और वो ये भी जान गये थे कि ये पटलिका कोई और नहीं बल्कि हनुमान द्वारा उनके पूर्व जन्म में रची गई हनुमद् रामायण का ही एक अंश है, जो कि पर्वत शिला से निकल कर जल के साथ प्रवाहित होकर यहां तक आ गयी है। उस पटलिका को पाकर तुलसीदास जी ने अपने आप को बहुत ही भाग्यशाली माना कि उन्हें हनुमद रामायण के श्लोक का एक पद्य प्राप्त हुआ है।

## सोंहपुर में हुआ पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ





**बालोद।** गायत्री परिवार ग्राम सोंहपुर द्वारा 10 जनवरी से 12 जनवरी तक तीन दिवसीय पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन ग्राम क्षेत्र की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। उन्होंने पीले वस्त्र पहनकर मंगल कलश धारण कर शोभायात्रा निकाली। ग्रामीणों ने भजन, संकीर्तन गाते हुए पूरे गांव की भ्रमण करते हुए तालाब में वरुण जल देव का पूजन आरती की। राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में मानव में देवत्व का उदय व धरती पर स्वर्ग का अवतरण के उद्देश्य संकल्प लेकर समस्त विश्व राष्ट्र में एक अभियान के रूप में विराट रूप में ऐसे ही यज्ञीय कार्यक्रम संचालित हो रही है। व्यक्ति निर्माण से युग निर्माण के क्रम में स्वस्थ शरीर, स्वच्छ मन व सभ्य समाज बनाने जैसे अनेक रचनात्मक कार्य संपन्न हो रही है। शायंकालीन प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन हुआ, जिसे प्रज्ञापुत्र हेमंत व्यास द्वारा विभिन्न दृष्टांत देते हुए संगीतमय सुमधुर भजनों के साथ प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष कार्यकर्ता के रूप में मनोज कुमार साहू, नंदकुमार साहू, तोरण लाल साहू, टीकम साहू, बोधीराम साहू, डिगेन्द्र कुमार साहू, बलीराम साहू, राजराम साहू, विनोद राम, दयालु राम, चुरामन साहू, नरेश कुमार साहू, देवधर साहू, शिवप्रसाद साहू, रेखा गंगबेर, उषा साहू, केशर गंगबेर, पुष्पा साहू, सुषमा गंगबेर, यशोदा गंगबेर एवं समस्त ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

- पहले दिन मंगल कलश के साथ निकाली गई भव्य

### सद्बुद्धि व उज्जवल भविष्य की कामना

द्वितीय दिवस प्रातः ध्यान साधना के बाद श्रीमद् प्रज्ञापुराण कथा व सायंकाल नवयुग के स्वागत के लिए दीपयज्ञ का कार्यक्रम में सबके लिए सद्बुध्दि व सबके उज्वल भविष्य के लिए विशेष प्रार्थना की गई। अंतिम दिन तृतीय दिवस प्रातः पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व संस्कार का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर विभिन्न निःशुल्क संस्कार कराया गया और विश्व कल्याण के लिए वेदमंत्रों की आहुति दी गई। पूर्णाहुति में श्रेष्ठ मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

## क्विज में बच्चों ने किया योग्यता का प्रदर्शन

**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय अविष्कार अंतर्गत क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 25 विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रभारी प्राचार्य एल के ठाकुर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।



एसआर खांडेकर और हेम प्रकाश मेश्राम ने बच्चों को परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन दिया। विकासखंड प्रतियोगिता के नोडल के रूप में एनुका शार्वा ने विषय विशेषज्ञों से समन्वय कर परीक्षा संचालन की, उनके सहयोगी के रूप में बीके पटेल उपस्थित थे। प्रतियोगी परीक्षा में अधिकतम अंक लाकर गीतांजलि निषाद प्रथम, रूपेश कुमार द्वितीय, तथा नीतू तृतीय स्थान प्राप्त किए। भविष्य में यह बच्चे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी चयनित विद्यार्थियों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमाशु मिश्रा व ए के साहू ने बधाई व अग्रिम शुभकामनाए दी है। कार्यक्रम के सफल संचालन में लवण साहू,अविनाश साहू, पुष्पा कटेंद्र, हेमपुष्पा नाइक, गिरीश साहू, सूर्योदय मानिकपुरी, संध्या ठाकुर, हेमन्त साहू, सौरभ शर्मा,प्रिया थुल, पी एस साहू, मधुबाला पिस्दा का विशेष सहयोग रहा।

## शराब और सट्टा के मामले में तीन आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

अवैध शराब और सट्टा के खिलाफ में राजहरा पुलिस सख्त हो गई है। दल्लीराजहरा थाना प्रभारी सुनील सुनील तिर्की ने बताया कि लगातार कार्रवाई जारी है आगे अधिकार भी रहेगी अवैध जुआ सट्टा व शराब के खिलाफ कार्रवाई कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अवैध शराब एवं सट्टा पट्टी पर्ची सहित नगदी रकम जब्त की गई। नगर पुलिस अधीक्षक राजेश बागड़े के मार्गदर्शन में अवैध जुआ सट्टा, शराब के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना राजहरा में 8 व 9 जनवरी को थाना राजहरा स्टाफ द्वारा की गई कार्रवाई में आरोपी मुकेश पटेल पिता अशोक पटेल उम्र 24 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 11 बजरंग चौक राजहरा से 29 पौवा शराब 5.220 बल्क लीटर जब्त किया गया। जब्त शराब की कीमत 2320 रूपए आंकी गई है। इसी तरह आरोपी कुंजलाल सेन पिता कंवल सिंह सेन उम्र 42 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 20 गांधी चौक राजहरा थाना को सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी पर्ची, नगदी रकम 830 रूपए जब्त कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया। वहीं, आरोपी नितेश भुआर्य पिता बिसम्भर भुआर्य उम्र 24 वर्ष साकिन पथराटोला थाना राजहरा बालोद को घटना स्थल वार्ड क्रमांक 23 राजहरा स्थित मैदान पर आम जगह पर शराब पीते पकड़ा गया। आरोपी के विरूध्द धारा 36) 1 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

- तीन अलग-अलग मामलों में दल्लीराजहरा थाना पुलिस ने की कार्रवाई



## कलेक्टर ने ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का किया अवलोकन



**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आम जनता के अवलोकन के लिए संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में लगाई गई ई.व्ही.एम. डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का अवलोकन किया। जिससे कि जिले के आम नागरिकों को ई.व्ही.एम. में अपने मताधिकार के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके। इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मॉक पोल कर ई.व्ही.एम. के कार्य पद्धति का अवलोकन भी किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को ई.व्ही.एम. डेमोंस्ट्रेशन के अंतर्गत आम जनता को दी जा रही जानकारी के संबंध में पूछताछ की। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में लगाए गए इस ई.व्ही.एम. डेमोंस्ट्रेशन सेंटर के अवलोकन हेतु बड़ी संख्या में प्रतिदिन आम नागरिक पहुँच रहे हैं।







